# 1. भाषा, लिपि और व्याकरण

## अभ्यास

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. मन के भावों तथा विचारों के आदान-प्रदान को भाषा कहते हैं।
2. भाषा को लिखने की विधि या तरीके को लिपि कहते हैं।
3. व्याकरण हमें भाषा को सही और शुद्ध लिखना, पढ़ना और बोलना सिखाता है।

**( ख ) भाषा के मौखिक और लिखित रूप के तीन-तीन उदाहरण लिखिए।**

| मौखिक | लिखित |
|---|---|
| भाषण देना | पत्र लिखना |
| टी.वी. देखना | अखबार पढ़ना |
| फ़ोन पर बात करना | कंप्यूटर पर काम करना |

**( ग ) नीचे दिए वाक्यों के सामने सही और गलत लिखिए।**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | व्याकरण हमें शुद्ध वर्ण-ज्ञान सिखाता है। | सही |
| 2. | व्याकरण हमें गाना सिखाता है। | गलत |
| 3. | व्याकरण हमें शुद्ध वाक्य प्रयोग की कला सिखाता है। | सही |
| 4. | व्याकरण शुद्ध वर्तनी का ज्ञान देता है। | सही |
| 5. | व्याकरण हमें अच्छा लेखक बनाता है। | गलत |
| 6. | व्याकरण हमें शुद्ध शब्द-ज्ञान देता है। | सही |

**( घ ) नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए।**

1. मन के भावों तथा विचारों का आदान-प्रदान कहलाता है– (ग) भाषा
2. मौखिक भाषा में मन के विचारों का आदान-प्रदान किस प्रकार किया जाता है? (ग) बोलकर
3. लिखित भाषा में मन के विचारों का आदान-प्रदान किस प्रकार किया जाता है? (घ) लिखकर
4. व्याकरण हमें किस तरह की जानकारी देता है? (घ) दिए गए सभी विकल्प

**( ङ ) निम्नलिखित भाषाओं की लिपियाँ लिखिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| हिंदी | – | देवनागरी | अंग्रेज़ी | – | रोमन |
| पंजाबी | – | गुरुमुखी | उर्दू | – | फ़ारसी |
| मराठी | – | देवनागरी | संस्कृत | – | देवनागरी |

**( च ) निम्नलिखित देशों में बोली जाने वाली भाषाओं के नाम लिखिए।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| भारत | हिंदी | इंग्लैंड | अंग्रेज़ी |
| रूस | रूसी | चीन | चीनी |
| जर्मनी | जर्मन | फ्रांस | फ्रेंच |

(छ) **नीचे दिए चित्रों को देखकर बताइए कि इनमें भाषा के किस रूप का प्रयोग किया जा रहा है।**


लिखना


पढ़ना


लिखना


बोलना-सुनना

## कुछ करने की बारी

चित्रों में पहनी हुई पोशाकों के माध्यम से प्रदेशों को पहचानकर वहाँ बोली जाने वाली भाषाओं के नाम लिखिए।


मराठी


पंजाबी


गुजराती


राजस्थानी


कश्मीरी


असमिया

## पता करने की बारी

भारत में बोली जाने वाली किन्हीं पाँच बोलियों के नाम बताइए।

अवधी, ब्रजभाषा, भोजपुरी, गढ़वाली, मेवाड़ी।

# 2. वर्ण विचार

## अभ्यास

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. भाषा की सबसे छोटी ध्वनि को वर्ण कहते हैं।
2. अनुस्वार ( ं ) का नासिक्य उच्चारण होता है तथा अनुनासिक ( ँ ) का मुख और नाक से उच्चारण किया जाता है।
3. दो व्यंजन वर्णों को मिलाकर बने नए वर्ण को संयुक्त व्यंजन कहते हैं तथा दो व्यंजन वर्णों को एक साथ मिलाकर लिखना, जिसमें एक वर्ण स्वर रहित तथा दूसरा स्वर सहित हो, उन्हें संयुक्ताक्षर कहते हैं।
4. किसी शब्द के वर्णों को अलग-अलग करना वर्ण-विच्छेद कहलाता है।

**( ख ) दिए गए स्वरों की मात्राएँ लगाकर दो-दो शब्द लिखिए।**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. ई | – | नीरज | मीठा | 2. उ | – | मुसकान | सुराही |
| 3. ऊ | – | सूरज | मूषक | 4. ऋ | – | गृह | कृपा |
| 5. ए | – | पेठा | रेत | 6. ओ | – | दोपहर | रोटी |

**( ग ) संयुक्त व्यंजनों का प्रयोग करके तीन-तीन शब्द लिखिए।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. क्ष | – | परीक्षा | क्षमा | क्षत्रिय |
| 2. त्र | – | छात्र | त्रिकोण | नेत्र |
| 3. ज्ञ | – | आज्ञा | ज्ञानी | अज्ञेय |
| 4. श्र | – | श्रम | आश्रय | परिश्रम |

**( घ ) दिए गए संयुक्ताक्षर तथा द्वित्व व्यंजनों से दो-दो शब्द बनाइए।**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. त्य | – | त्याग | सत्य | 2. द्‌य | – | विद्‌या | उद्‌यान |
| 3. क्य | – | वाक्य | क्यारी | 4. क्क | – | चक्की | मक्का |
| 5. ध्य | – | ध्यान | अध्याय | 6. न्न | – | अन्न | गन्ना |
| 7. न्य | – | न्याय | न्यून | 8. च्च | – | सच्चाई | बच्चा |
| 9. म्म | – | चम्मच | सम्मान | 10. क्ख | – | मक्खन | मक्खी |
| 11. ट्‌ठ | – | गट्‌ठर | इकट्‌ठा | 12. त्त | – | पत्ता | छत्ता |

**( ङ ) निम्नलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद कीजिए।**

1. बर्तन – ब् + अ + र् + त् + अ + न् + अ
2. कृष्ण – क् + ऋ + ष् + ण् + अ
3. परीक्षा – प् + अ + र् + ई + क् + ष् + आ
4. गोपाल – ग् + ओ + प् + आ + ल् + अ
5. परिश्रम – प् + अ + र् + इ + श् + र् + अ + म् + अ

**( च ) 'र' के उचित प्रयोग वाले सही वर्तनी वाले शब्द पर गोला लगाइए।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. (सूर्य) | सूय्र | सूर्य | सूय |
| 2. आर्शीवाद | (आशीर्वाद) | र्आशीवाद | आशीवार्द |
| 3. प्रवत | पवर्त | (पर्वत) | पव्रत |

4. अर्धम	अध्रम	अंधम	(अधर्म)

5. परिकर्मा	(परिक्रमा)	परीक्रमा	परीकृमा

**(छ) दिए गए विकल्पों में से उत्तर का सही विकल्प चुनिए।**

| | | |
|---|---|---|
| 1. छोटी-से-छोटी ध्वनि जिसके टुकड़े नहीं किए जा सकते। | (ख) वर्ण | ✓ |
| 2. वर्णों का व्यवस्थित समूह क्या कहलाता है? | (घ) वर्णमाला | ✓ |
| 3. किन ध्वनियों के उच्चारण में स्वरों की सहायता ली जाती है? | (ख) व्यंजन | ✓ |
| 4. स्वरों का परिवर्तित रूप क्या कहलाता है? | (क) मात्रा | ✓ |

**(ज) दिए गए शब्दों को शब्दकोश के आधार पर क्रमानुसार लिखिए।**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कमल | खरबूज़ा | गमला | घड़ी | चिड़िया | जूता | ठठेरा | ढक्कन | तलवार |
| तोता | दूध | नदी | पगड़ी | फूल | मशीन | लड़की | सरिता | हल |

## कुछ करने की बारी

समाचार पत्र में से आगत शब्द छाँटिए और कॉपी में लिखकर अध्यापक/अध्यापिका को दिखाइए।

विद्यार्थी स्वयं करें।

## पता करने की बारी

अंग्रेज़ी के कुछ ऐसे नुक्ता वाले शब्द पता कीजिए जो हिंदी में प्रयुक्त होते हैं। जैसे- ऑफ़िस।

फ़िल्म, रिलीज़, ब्लेज़र, अफ़सर, प्रोफ़ेसर, फ़ाइल आदि।

# 3. शब्द विचार

## अभ्यास

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. वर्णों के सार्थक समूह को शब्द कहते हैं।
2. शब्दों को तीन आधारों पर बाँटा जाता है– 1. उत्पत्ति के आधार पर, 2. अर्थ के आधार पर, 3. प्रयोग के आधार पर।
3. अर्थ के आधार पर शब्द चार प्रकार के होते हैं– 1. एकार्थी शब्द, 2. अनेकार्थी शब्द, 3. पर्यायवाची शब्द, 4. विलोम शब्द।
4. विकारी शब्दों का रूप लिंग, वचन और काल के कारण बदल जाता है, जबकि अविकारी शब्दों के रूप में संज्ञा, सर्वनाम, लिंग, वचन आदि के कारण कोई बदलाव नहीं आता।

**( ख ) दिए गए शब्दों का तत्सम रूप लिखिए।**

1. दुग्ध 2. हस्त 3. सूर्य 4. आम्र

**( ग ) दिए गए शब्दों का तद्भव रूप लिखिए।**

1. दही 2. दाँत 3. गाँव 4. मोर

**( घ ) दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए।**

1. उत्पत्ति के आधार पर शब्द का भेद है– (क) देशज ☑
2. अर्थ के आधार पर शब्दों के कितने भेद होते हैं? (क) चार ☑
3. कौन-सा शब्द विदेशी है? (क) डॉक्टर ☑
4. तत्सम शब्द का उदाहरण है– (क) ग्राम ☑
5. दिए गए शब्दों में सार्थक शब्द है– (ग) चाय ☑
6. इनमें देशज शब्द है– (क) जूता ☑
7. 'काक' का तद्भव शब्द होगा– (ग) कौआ ☑

### कुछ करने की बारी

वर्ग-पहेली में से तत्सम, तद्भव, देशज और विदेशी शब्द छाँटकर लिखिए।

| तत्सम | तद्भव | देशज | विदेशी |
|---|---|---|---|
| मस्तक | कमरा | लोटा | डॉक्टर |
| हस्त | कबूतर | रज़ाई | साबुन |
| दंत | नदी | दीप | फ़ौज |

### पता करने की बारी

कोई पाँच निरर्थक युग्म-शब्द बताइए। जैस–चाय-वाय आदि।

विद्यार्थी स्वयं करें।

## 4. शब्द भंडार

### अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. एक-दूसरे शब्द के विपरीत अर्थ बताने वाले शब्द विलोम शब्द कहलाते हैं।
2. 'यश' का विलोम शब्द है 'अपयश'।

**(ख) रंगीन शब्दों के विलोम शब्द से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

1. रमेश को तुम मूर्ख मत समझना वह बहुत **चतुर** है।
2. प्यार से बात करो **नफ़रत** से नहीं।
3. गाँव के लोग अब निरक्षर नहीं रहे **साक्षर** हो गए हैं।
4. सदैव शांति के मार्ग पर चलें **अशांति** के नहीं।
5. इस शहर में लोगों का आना **जाना** लगा रहता है।

**(ग) दिए गए शब्दों के उचित विलोम शब्द पर गोला लगाइए।**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पुराना × | **नया** | नवीन | सुंदर | अच्छा |
| 2. | श्वेत × | काला | **श्याम** | नीला | हरा |
| 3. | मधुर × | सरल | **कटु** | मूर्ख | अज्ञान |
| 4. | अपना × | दूसरा | पड़ोसी | दुश्मन | **पराया** |
| 5. | धनी × | **निर्धन** | गरीब | भिखारी | दयनीय |
| 6. | सदुपयोग× | उपयोग | प्रयोग | **दुरुपयोग** | योग |
| 7. | दुर्लभ × | निश्चल | मृत्यु | **सुलभ** | लाभ |

**(घ) दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. पास | × | दूर | 2. चतुर | × | मूर्ख |
| 3. आवश्यक | × | अनावश्यक | 4. कठिन | × | सरल |
| 5. गलत | × | सही | 6. प्रश्न | × | उत्तर |
| 7. जीवन | × | मरण/मृत्यु | 8. बढ़िया | × | घटिया |
| 9. चलना | × | रुकना | 10. झूठ | × | सच |
| 11. शांति | × | अशांति | 12. देश | × | परदेश/विदेश |
| 13. सूखा | × | गीला | 14. लाभ | × | हानि |
| 15. अर्थ | × | अनर्थ | 16. घृणा | × | प्रेम |
| 17. अमृत | × | विष | 18. ज्ञान | × | अज्ञान |

**कुछ करने की बारी**

शब्द-जाल में से दिए गए शब्दों के विलोम शब्द ढूँढ़कर उन्हें रिक्त स्थानों पर लिखिए।

1. भला – बुरा
2. अगला – पिछला
3. आज़ादी – गुलामी
4. चतुर – मूर्ख
5. फूल – काँटा
6. सपूत – कपूत
7. सुख – दुख
8. मालिक – नौकर
9. मधुर – कटु
10. सवाल – जवाब
11. हार – जीत
12. सुबह – शाम

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| काँ | अ | ग | ज | ज | छ | क | ऐ |
| टा | न | बु | ध | वा | गु | ए | टु |
| र | नौ | रा | ध | ब | ख | ला | प |
| औ | उ | क | द | ऊ | क | म | मी |
| क | थ | ई | र | जी | दु | ठ | पि |
| पू | शा | झ | मू | त | ख | ओ | छ |
| त | म | त | र्ख | ढ | र | ट | ला |

**पता करने की बारी**

अपने मित्र की कोई दो बुरी और दो अच्छी आदतें बताइए।

विद्यार्थी स्वयं करें।

## समानार्थी शब्द

किसी शब्द के समान अर्थ वाले कई शब्द होते हैं। ये समान अर्थ वाले शब्द समानार्थी शब्द कहलाते हैं।

❖ पाठ पृष्ठ 31 पर दिए उदाहरण पढ़ें और उसमें आए समानार्थी शब्दों का परिचय दें।
❖ समानार्थी शब्द बच्चों से पूछें।
❖ समान शब्दों की परिभाषा याद करवाएँ।
❖ पाठ पृष्ठ 31 पर दी गई समानार्थी शब्दों की सूची बच्चों से पढ़वाएँ।
❖ सभी बच्चों को पढ़ने का समान अवसर दें।
❖ अभ्यास करने में बच्चों की सहायता करें।

### अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. किसी शब्द का समान अर्थ या एक जैसा अर्थ बताने वाले शब्द समानार्थी शब्द होते हैं।
2. कपड़ा, वस्त्र का समानार्थी शब्द है– अंबर।

**(ख) दिए गए शब्दों के दो-दो समानार्थी शब्द लिखिए।**

1. गृह – घर सदन
2. धरती – पृथ्वी वसुधा
3. राजा – नरेश नृप
4. ईश्वर – भगवान प्रभु
5. साँप – सर्प भुजंग
6. मनुष्य – मानव मनुज
7. रात – रात्रि निशा
8. पुष्प – फूल कुसुम
9. हाथ – कर हस्त
10. पवन – हवा वायु
11. माता – माँ जननी
12. इच्छा – कामना लालसा

**(ग) कोष्ठक में दिए गए शब्दों के उचित समानार्थी शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

1. उपवन में सुंदर **फूल** खिले हैं। (पुष्प)
2. आज मुझे बहुत **प्रसन्नता** है। (खुशी)

3. अचानक तेज़ **हवा** चलने लगी। (पवन)
4. रह-रहकर **आसमान** में बिजली चमकने लगी। (आकाश)
5. वह नदी के **किनारे** खड़ी है। (तट)

**(घ) ऐसे शब्द पर गोला लगाइए जो अन्य शब्दों का समानार्थी नहीं है।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | दूध | दुग्ध | पय | (जल) |
| 2. | (वासर) | हाथ | कर | हस्त |
| 3. | मित्र | मनुज | सखा | (सहचर) |
| 4. | दिन | वार | (रात) | दिवस |
| 5. | (घन) | आकाश | आसमान | गगन |
| 6. | गृह | सदन | भवन | (ग्रह) |
| 7. | समीर | हवा | (अनल) | वायु |
| 8. | जलधि | (कूप) | समुद्र | सागर |
| 9. | जंगल | अरण्य | कानन | (शैल) |
| 10. | शत्रु | (सहचर) | अरि | बैरी |

**(ङ) दिए गए शब्दों के उचित समानार्थी शब्दों को चुनिए।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | धन | (क) | दौलत, लक्ष्मी | ✓ |
| 2. | ध्वज | (ख) | झंडा, निशान | ✓ |
| 3. | आकाश | (ग) | आसमान, गगन | ✓ |
| 4. | रात | (घ) | रात्रि, निशा | ✓ |
| 5. | घर | (क) | गृह, निकेतन | ✓ |

## कुछ करने की बारी

संकेतों के आधार पर दिए गए शब्दों के समानार्थी शब्दों से शब्द-सीढ़ी पूरी कीजिए।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ईश्वर | भगवान | 2. | आसमान | गगन |
| 3. | आँख | नयन | 4. | फूल | सुमन |
| 5. | नारी | महिला | 6. | इच्छा | लालसा |
| 7. | राजा | नरेश | 8. | चाँद | शशि |




## पता करने की बारी

मोर – मयूर, नीलकंठ

तोता – शुक, सुआ

कोयल – कोकिला, श्यामा

कौआ – काग, करट

मैना – सारिका, त्रिलोचना

## अनेकार्थी शब्द

कुछ शब्दों के अनेक अर्थ होते हैं। परंतु ऐसे शब्द वाक्य में प्रयुक्त होने पर अलग-अलग अर्थ देते हैं। इन्हें अनेकार्थी शब्द कहते हैं।

- शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को अनेकार्थी शब्दों के बारे में समझाएँ।
- पाठ पृष्ठ 34 पर दिए गए उदाहरण द्वारा अनेकार्थी शब्दों का वाक्य में प्रयुक्त होने पर अंतर समझाएँ।
- उन्हें अनेकार्थी शब्दों की परिभाषा याद करवाएँ।
- बच्चों को पृष्ठ 35 पर अनेकार्थी शब्दों की सूची पढ़वाएँ।
- प्रत्येक बच्चे को पढ़ने का अवसर दें।
- यह सुनिश्चित करें कि बच्चे अनेकार्थी शब्दों के बारे में सही से समझ गए हैं।
- दिया गया अभ्यास करने में बच्चों की यथासंभव सहायता करें।

### अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. एक से अधिक अर्थ देने वाले शब्दों को अनेकार्थी शब्द कहते हैं।
2. अमृत – दूध, जल, स्वर्ण    जड़ – मूल, मूर्ख

**(ख) नीचे दिए गए शब्दों के अनेकार्थी शब्द लिखिए।**

1. अंबर – वस्त्र, आकाश
2. अर्थ – धन, कारण, प्रयोजन
3. कर – हाथ, टैक्स
4. आम – एक फल, साधारण
5. काल – समय, मृत्यु
6. खग – पक्षी, बाण
7. घट – घड़ा, किनारा, शरीर
8. दंड – सजा, डंडा

**(ग) दिए गए शब्दों के सही अनेकार्थी युग्म शब्दों पर ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

1. गुरु (ग) शिक्षक, भारी ☑
2. जड़ (घ) मूल, मूर्ख ☑
3. कल (ग) बीता हुआ दिन, मशीन ☑
4. तीर (ख) नदी का किनारा, बाण ☑
5. वर्ण (क) अक्षर, रंग, जाति ☑

**(घ) निम्नलिखित शब्दों को दो अलग-अलग अर्थ वाले वाक्यों में प्रयोग कीजिए।**

1. अंक – उसके परीक्षा में अच्छे **अंक** आए हैं।
   माँ ने बच्चे को **अंक** में ले लिया।
2. अलि – बगीचे में **अलि** की मधुर आवाज गूँज रही है।
   रंग-बिरंगे फूलों पर **अलि** मँडरा रहा है।
3. कुल – वह अपने **कुल** में इकलौता बेटा है।
   उसके **कुल** अंक 260 आए हैं।
4. तीर – शिकारी ने हिरण को **तीर** मारा।
   वह नदी के **तीर** पर बैठा है।
5. दल – लोगों का **दल** पुलिस स्टेशन के सामने धरना दे रहा है।
   विक्रम की भारतीय **दल** में नियुक्ति हो गई।

**कुछ करने की बारी**

उन अनेकार्थी शब्दों का एक चार्ट तैयार कीजिए जो पाठ में नहीं आए हैं।

विद्यार्थी स्वयं करें।

**पता करने की बारी**

पता कीजिए कि आपकी कक्षा में किस-किस छात्र को घर में दो अलग-अलग नामों से पुकारते हैं?

विद्यार्थी स्वयं करें।

## श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द

हिंदी में कुछ शब्द लगभग समान होते हैं, परंतु उनके अर्थ भिन्न होते हैं। ऐसे शब्दों को श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द कहते हैं।

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को पाठ पृष्ठ पर चित्र दिखाकर श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्दों के बारे में समझाएँ।
- ❖ बच्चों को श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द की परिभाषा बताएँ।
- ❖ पाठ पृष्ठ 38 पर दी गई श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द सूची पढ़वाएँ।
- ❖ प्रत्येक बच्चे को इसे पढ़ने का अवसर दें।
- ❖ श्यामपट्ट पर श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द लिखकर बच्चों से उनके अर्थ जानें।
- ❖ बच्चे विषय को भली-भाँति समझ गए हैं, यह सुनिश्चित करें।
- ❖ पाठ पृष्ठ पर दिया गया अभ्यास करवाएँ।

### अभ्यास

**(क) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर अंतर स्पष्ट कीजिए।**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अनल | – | आग | 2. | गृह | – | घर |
| | अनिल | – | वायु | | ग्रह | – | नक्षत्र |
| 3. | आदि | – | शुरू, आरंभ | 4. | दिन | – | दिवस |
| | आदी | – | अभ्यस्त | | दीन | – | गरीब |
| 5. | उदार | – | दयालु | 6. | नीर | – | पानी |
| | उधार | – | ऋण देना | | नीड़ | – | घोंसला |

**(ख) कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।**

1. वह हमेशा **दीन** लोगों की मदद करता है। (दिन/दीन)
2. मंदिर में चारों **ओर** पेड़ लगे हैं। (ओर/और)
3. हमें सभी को **समान** समझना चाहिए। (सामान/समान)
4. रमेश नशे का **आदी** हो गया है। (आदि/आदी)
5. हमें दूसरों की **उपेक्षा** नहीं करनी चाहिए। (अपेक्षा/उपेक्षा)

**(ग) निम्नलिखित शब्दों को वाक्यों में प्रयोग करके उनमें अंतर स्पष्ट कीजिए।**

1. अन्न – किसान खेतों में **अन्न** उगाता है।
   अन्य – किसी **अन्य** छात्र को बुलाओ।
2. सूत – दादी **सूत** कातने का काम कर रही है।
   सुत – रमेश का **सुत** ईमानदार है।

3. निधन – उसके पिता जी का **निधन** हो गया।
   निर्धन – रामफल एक **निर्धन** किसान है।
4. अजर – वह **अजर** है और काफी मेहनती है।
   अजिर – छोटा बालक **अजिर** में खेल रहा है।
5. दिशा – इस **दिशा** का नाम बताओ।
   दशा – उसकी **दशा** खराब है।
6. पथ – हमें सही **पथ** पर चलना चाहिए।
   पथ्य – पारुल को **पथ्य** दो।
7. कपट – हमें दूसरों के साथ **कपट** नहीं करना चाहिए।
   कपाट – मंदिर के **कपाट** बंद हैं।

**कुछ करने की बारी**

नीचे दी गई वर्ग-पहेली में से श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्दों के जोड़े छाँटकर लिखिए।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| आ | दि | न | दी | कु |
| दी | नि | र्ध | न | ल |
| जा | स | अ | नि | ल |
| सा | मा | न | ध | कू |
| ही | न | अ | न | ल |

1. आदि
   आदी
2. निर्धन
   निधन
3. कुल
   कूल
4. दिन
   दीन
5. समान
   सामान
6. अनिल
   अनल

**पता करने की बारी**

उन श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्दों का एक चार्ट तैयार कीजिए जो पाठ में नहीं आए हैं।

विद्यार्थी स्वयं करें।

## अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

बहुत से शब्दों की जगह एक शब्द का प्रयोग करने से भाषा में सुंदरता आ जाती है तथा भाषा की बोझिलता भी दूर होती है।

❖ पाठ पृष्ठ 41 पर दिए उदाहरण पढ़ें तथा बच्चों को अनेक शब्दों की जगह एक शब्द का प्रयोग सिखाएँ।
❖ इनके प्रयोग पर ध्यान दिलवाएँ।
❖ पाठ पृष्ठ 41-43 पर दी गई इन शब्दों की सूची बच्चों से पढ़वाएँ तथा याद करने के लिए कहें।
❖ सुनिश्चित करें बच्चे इन्हें समझ रहे हैं।
❖ सभी बच्चों को पढ़ने का अवसर दें।
❖ बीच-बीच में प्रश्न पूछते रहें।
❖ अभ्यास करवाने में सहायता करें।

### अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. बहुत सारे शब्दों या शब्द-समूह की जगह प्रयोग किए जाने वाले एक शब्द को अनेक शब्दों के लिए एक शब्द कहते हैं।

2. इससे भाषा संक्षिप्त, चुस्त, रोचक और सुंदर बनती है।

**(ख) दिए गए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए।**

1. जिसमें स्वार्थ की भावना हो — स्वार्थी
2. सप्ताह में एक बार होने वाला — साप्ताहिक
3. वर्ष में एक बार होने वाला — वार्षिक
4. जो कभी न मरे — अमर
5. जो देखने योग्य हो — दर्शनीय

**(ग) दिए गए वाक्यों में अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए।**

1. भावना ईश्वर को न मानने वाली है। — नास्तिक
2. महेश में स्वार्थ की भावना भरी हुई है। — स्वार्थी
3. विनय में धैर्य नहीं है। — अधीर
4. शरण में आए हुए की हमें रक्षा करनी चाहिए। — शरणागत
5. रवि के मन में ममता नहीं है। — निर्मम
6. अनिल मांस-मछली खाता है। — मांसाहारी


**(घ) दिए गए अनेक शब्दों के लिए सही एक शब्द चुनिए।**

1. जो ईश्वर को ना माने — (क) नास्तिक ☑
2. बहुत बोलने वाला — (क) वाचाल ☑
3. जो चित्र बनाता है — (ग) चित्रकार ☑
4. जो लोगों को प्रिय हो — (ख) लोकप्रिय ☑
5. जिसने कोई अपराध न किया हो — (क) निरपराध ☑
6. दिन में एक बार होने वाला — (ग) दैनिक ☑

## कुछ करने की बारी

दिए गए संकेतों के आधार पर शब्द-सीढ़ी पूरी कीजिए।

1. जिसमें नमक रखा जाता है — नमकदानी
2. नया जन्मा हुआ — नवजात
3. कहानी लिखने वाला — कहानीकार
4. मीठा बोलने वाला — मृदुभाषी
5. जिसका अंत दुख भरा हो — दुखांत
6. जो बहुत-सी भाषाएँ जानता हो — बहुभाषी
7. भारत में रहने वाला — भारतीय
8. जो छिपाने योग्य हो — गोपनीय
9. जो जाना पहचाना हो — परिचित



**पता करने की बारी**

जिसके चार पैर हों– चारपाई।

चारपाई किससे बनती है? पता कीजिए।

विद्यार्थी स्वयं करें।

# 5. संज्ञा

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. नाम को व्याकरण की भाषा में संज्ञा कहते हैं।
2. संज्ञा के तीन भेद हैं– व्यक्तिवाचक, जातिवाचक तथा भाववाचक संज्ञा।
3. भाववाचक संज्ञा शब्दों को हम देख या छू नहीं सकते, केवल महसूस कर सकते हैं।

**(ख) व्यक्तिवाचक, जातिवाचक तथा भाववाचक संज्ञा के तीन-तीन उदाहरण लिखिए।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. व्यक्तिवाचक | – | लालकिला | इंदिरा गांधी | पटना |
| 2. जातिवाचक | – | आम | नदी | पहाड़ |
| 3. भाववाचक | – | खुशी | बुढ़ापा | थकान |

**(ग) दी गई जातिवाचक संज्ञा के लिए एक व्यक्तिवाचक संज्ञा लिखिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. विशेष व्यक्ति | – | महात्मा गांधी | 2. नेता | – | नरेंद्र मोदी |
| 3. अभिनेता | – | आमिर खान | 4. खिलाड़ी | – | मैरी कॉम |
| 5. अभिनेत्री | – | श्रीदेवी | 6. समुद्र | – | हिंद महासागर |
| 7. नदी | – | यमुना | 8. पहाड़ | – | हिमालय |
| 9. देश | – | जापान | 10. इमारत | – | ताजमहल |
| 11. गायक | – | कुमार शानू | 12. वैज्ञानिक | – | होमी जहाँगीर भाभा |

**(घ) नीचे दिए गए शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाइए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. सर्द | – | सरदी | 2. मानव | – | मानवता |
| 3. बच्चा | – | बचपन | 4. हरा | – | हरापन/हरियाली |
| 5. अपना | – | अपनापन | 6. शत्रु | – | शत्रुता |
| 7. मित्र | – | मित्रता | 8. रोना | – | रुलाई |
| 9. पशु | – | पशुता/पशुत्व | 10. चलना | – | चाल |
| 11. लिखना | – | लिखावट | 12. कायर | – | कायरता |

**(ङ) नीचे दिए गए वाक्यों में रंगीन शब्दों का उचित संज्ञा-भेद चुनिए।**

1. **अध्यापिका** पढ़ा रही हैं। (ख) जातिवाचक
2. सचिन ने **छक्का** मारा। (ग) जातिवाचक
3. कमरे की **चौड़ाई** नापो। (क) भाववाचक
4. मुझे **आम** बहुत पसंद हैं। (ग) जातिवाचक
5. **लालकिला** बहुत ही आकर्षक है। (ख) व्यक्तिवाचक
6. हमें **भलाई** का काम करना चाहिए। (ख) भाववाचक

**(च) उचित भाववाचक संज्ञा शब्दों से वाक्य पूरे कीजिए।**

1. सैनिक ने **वीरता** का प्रदर्शन किया।
2. बाग में चारों ओर **हरियाली** छाई है।
3. हमें कभी भी **झूठ** का सहारा नहीं लेना चाहिए।
4. हमें **बुराई** से बचना चाहिए।
5. हिमालय की **चढ़ाई** कठिन है।

## कुछ करने की बारी

सही जातिवाचक संज्ञा शब्द भरकर कहानी पूरी कीजिए।

बच्चा गिलहरी खरगोश तोता जंगल पत्ते भोजन पशु-पक्षी माता-पिता

एक बड़े **जंगल** में अनेक **पशु-पक्षी** रहते थे। वहाँ एक **खरगोश** का परिवार भी रहता था। उनका एक **बच्चा** था। उसका नाम था गिल्लू। गिल्लू के **माता-पिता** जब **भोजन** ढूँढ़ने बाहर जाते, तो पड़ोस के पशु-पक्षी उसकी देखभाल करते थे। किट्टी **गिलहरी** उसे हरे **पत्ते** और गाजर खिलाती थी। मिट्ठू **तोता** उसके साथ खेलता था।

## पता करने की बारी

व्यक्तिवाचक और जातिवाचक संज्ञा में अंतर बताइए।

व्यक्तिवाचक संज्ञा से किसी विशेष व्यक्ति, वस्तु, स्थान या प्राणी के नाम का बोध होता है; जैसे– महात्मा गांधी, लालकिला, दिल्ली आदि।

जातिवाचक संज्ञा से एक ही जाति के प्राणियों, वस्तुओं या स्थानों का बोध होता है; जैसे– लड़का, गाय, शहर आदि।

# 6. लिंग

## अभ्यास

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. शब्द के जिस रूप से उसके स्त्री या पुरुष जाति के होने का बोध होता है, उसे लिंग कहते हैं।
2. लिंग के दो भेद हैं– स्त्रीलिंग, पुल्लिंग।
3. अप्राणिवाचक शब्दों के लिंग की पहचान उनके साथ लगे विशेषण शब्दों तथा उनकी क्रिया के आधार पर की जा सकती है।

**( ख ) दिए गए शब्दों में से पुल्लिंग और स्त्रीलिंग शब्द छाँटकर जोड़े बनाइए और उचित स्थान पर लिखिए।**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| धनवती | वधू | स्वामी | वीर | दास | वर | स्वामिनी |
| विदुषी | दासी | वीरांगना | सम्राज्ञी | धनवान | विद्वान | सम्राट |

| | **पुल्लिंग** | **स्त्रीलिंग** |
|---|---|---|
| 1. | धनवान | धनवती |
| 2. | वर | वधू |
| 3. | स्वामी | स्वामिनी |
| 4. | सम्राट | सम्राज्ञी |
| 5. | विद्वान | विदुषी |
| 6. | वीर | वीरांगना |
| 7. | दास | दासी |

**( ग ) दिए गए अप्राणिवाचक संज्ञा शब्दों के लिंग पहचान कर अलग-अलग लिखिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सूरज | पेंसिल | पेड़ | हवा | कली | आइसक्रीम |
| शादी | जूता | अँगूठा | उँगली | फूल | पानी |

| **पुल्लिंग** | **स्त्रीलिंग** |
|---|---|
| 1. सूरज | 2. पेंसिल |
| 3. पेड़ | 4. हवा |
| 5. जूता | 6. कली |
| 7. अँगूठा | 8. आइसक्रीम |
| 9. फूल | 10. शादी |
| 11. पानी | 12. उँगली |

**( घ ) नीचे दिए गए शब्दों में नर या मादा जोड़कर लिंग बदलकर लिखिए।**

1. तोता – मादा तोता　　　　4. खरगोश – मादा खरगोश

2. मक्खी – नर मक्खी
3. तितली – नर तितली
7. चींटी – नर चींटी
5. कछुआ – मादा कछुआ
6. चीता – मादा चीता
8. कौआ – मादा कौआ

**(ङ) रंगीन शब्दों के लिंग बदलकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

1. उस घर में नर और **नारी** सभी मौजूद थे।
2. नौकर झाड़ू लगा रहा है और **नौकरानी** खाना बना रही है।
3. गाय घास खा रही है और **बैल** गाड़ी खींच रहा है।
4. उस सभा में विद्वान और **विदुषी** सभी आए थे।
5. उस सम्मेलन में कवि और **कवयित्री** ने कविता पाठ किया।
6. दरबार में राजा और **रानी** बैठे हैं।
7. गुरु जी ने शिष्य और **शिष्या** को बुलाया।
8. बाग में माली और **मालिन** आम तोड़ रहे हैं।

## कुछ करने की बारी

दिए गए पुल्लिंग शब्दों के स्त्रीलिंग शब्द शब्द-जाल में से ढूँढ़िए और उन पर गोला लगाकर दिए गए स्थान पर लिखिए।

| | पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|---|
| 1. | धोबी | धोबिन |
| 2. | नौकर | नौकरानी |
| 3. | लोटा | लुटिया |
| 4. | बच्चा | बच्ची |
| 5. | नायक | नायिका |
| 6. | पंडित | पंडिताइन |
| 7. | वर | वधू |
| 8. | युवक | युवती |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| व | क | धो | ख | ना | ग | ब |
| छ | धू | बि | घ | यि | च | च्ची |
| यु | ज | न | झ | का | अ | र |
| इ | व | आ | पं | उ | प | फ |
| लु | म | ती | डि | ब | नौ | व |
| य | टि | म | ता | श | क | ष |
| क्ष | र | या | इ | ज्ञ | रा | ह |
| त्र | ई | ल | न | इ | नी | स |

## पता करने की बारी

वाहनों के पुल्लिंग और स्त्रीलिंग नाम पता कीजिए।

पुल्लिंग – ट्रक, स्कूटर, जहाज़, तिपहिया आदि।

स्त्रीलिंग – बस, जीप, कार, स्कूटी, मोटरसाइकिल, साइकिल, रेलगाड़ी आदि।

# 7. वचन

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. शब्द के जिस रूप से उसकी संख्या का बोध होता है, उसे वचन कहते हैं।
2. वचन के दो भेद हैं – एकवचन तथा बहुवचन।
3. आदर या सम्मान देने के लिए बहुवचन का इस्तेमाल करते हैं।

**(ख) दिए गए शब्दों के वचन बदलिए।**

| | एकवचन | बहुवचन | | एकवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बकरा | बकरे | 2. | रात | रातें |
| 3. | पहाड़ी | पहाड़ियाँ | 4. | कथा | कथाएँ |
| 5. | ऋतु | ऋतुएँ | 6. | वस्तु | वस्तुएँ |
| 7. | पंखा | पंखे | 8. | मक्खी | मक्खियाँ |
| 9. | पुस्तक | पुस्तकें | 10. | सड़क | सड़कें |
| 11. | माता | माताएँ | 12. | नारी | नारियाँ |
| 13. | राशि | राशियाँ | 14. | दवाई | दवाइयाँ |
| 15. | कर्मचारी | कर्मचारियों | 16. | कविता | कविताएँ |

**(ग) सही वचन चुनकर खाली स्थान भरिए।**

1. उस सभा में अनेक **महिलाएँ** थीं।
2. बंदरों ने सारी **टोपियाँ** फेंक दीं।
3. वह **लड़का** बहुत बदमाश है।
4. आसमान में **गुब्बारे** उड़ रहे हैं।
5. सड़क पर **गाड़ियाँ** खड़ी हैं।

**(घ) वाक्यों में दिए गए रंगीन शब्दों के वचन बदलकर वाक्यों को दोबारा लिखिए।**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | बच्चा पढ़ रहा है। | बच्चे पढ़ रहे हैं। |
| 2. | मैंने केला खाया। | मैंने केले खाए। |
| 3. | गन्ना मीठा है। | गन्ने मीठे हैं। |
| 4. | फूलों की माला बनाओ। | फूलों की मालाएँ बनाओ। |
| 5. | वहाँ सुंदर पहाड़ी है। | वहाँ सुंदर पहाड़ियाँ हैं। |
| 6. | जंगल में भेड़िया घूम रहा है। | जंगल में भेड़िए घूम रहे हैं। |
| 7. | उसकी बकरी खो गई है। | उसकी बकरियाँ खो गई हैं। |
| 8. | सेठ जी ने दिवाली पर मिठाई बाँटी। | सेठ जी ने दिवाली पर मिठाइयाँ बाँटीं। |
| 9. | घर की छत पर बिल्ली लड़ रही है। | घर की छत पर बिल्लियाँ लड़ रही हैं। |

**(ङ) दिए गए शब्दों के साथ जन, गण, लोग, वर्ग तथा वृंद लगाकर बहुवचन बनाइए।**

| एकवचन | बहुवचन | एकवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| 1. निर्धन | निर्धन लोग | 2. अध्यापक | अध्यापकगण |
| 3. अतिथि | अतिथिगण | 4. अधिकारी | अधिकारी वर्ग |
| 5. गुरु | गुरुजन | 6. पाठक | पाठकवृंद |

**कुछ करने की बारी**

नीचे कविता का एक अंश दिया गया है। इसमें आए रंगीन शब्दों के वचन बदलकर कविता दोबारा लिखिए।

| | |
|---|---|
| मिट्टी से पौधा निकला | मिट्टी से **पौधे** निकले |
| पौधे पर एक फूल खिला, | पौधे पर **अनेक** फूल खिले, |
| उसे हवा ने सहलाया, | **उन्हें हवाओं** ने सहलाया, |
| चिड़ियों ने गाना गया। | **चिड़िया** ने गाना गया। |
| तारा कौन उगाता है, | **तारे** कौन उगाता है, |
| बादल कौन बनाता है, | **बादलों** को कौन बनाता है, |
| पक्षी कौन उड़ाता है। | **पक्षियों** को कौन उड़ाता है। |

**पता करने की बारी**

बड़ों को आदर देने हेतु आप किन शब्दों का प्रयोग करते हैं?

बड़ों को आदर देने के लिए हम बहुवचन शब्दों का प्रयोग करते हैं।

# 8. कारक

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से उसका संबंध वाक्य के अन्य शब्दों से जाना जाता है, उसे कारक कहते हैं।
2. कारक वाक्यों के संज्ञा-सर्वनाम शब्दों का वाक्य के अन्य शब्दों से संबंध जोड़ते हैं।
3. कारक के चिह्न हैं – ने, को, से/के द्वारा, को/के लिए, से, का, के, की/रा, रे, री, में, पर, हे!, अरे!
4. करण तथा अपादान कारक।
5. जिन शब्दों से अलग होने का भाव प्रकट हो, उसे अपादान कारक कहते हैं।

**(ख) वाक्यों में आए रंगीन कारक-चिह्नों का उचित भेद चुनिए।**

| | | |
|---|---|---|
| 1. मेज़ पर बिल्ली बैठी है। | (घ) अधिकरण | ✓ |
| 2. सविता ने खाना खाया। | (क) कर्ता | ✓ |
| 3. भावेश को बुलाओ। | (ग) कर्म | ✓ |
| 4. पेड़ पर चिड़िया बैठी है। | (घ) अधिकरण | ✓ |
| 5. वह राधा का भाई है। | (क) संबंध | ✓ |

**(ग) उचित कारक-चिह्नों से वाक्य पूरे कीजिए।**

1. महेश **ने** पत्र लिखा।
2. माधव ने पेंसिल **से** चित्र बनाया।
3. डॉक्टर **को** बुलाओ।
4. यह पुस्तक रवि **की** है।
5. गंगा हिमालय **से** निकलती है।

**(घ) गलत कारक-चिह्नों की जगह सही कारक-चिह्न लगाकर वाक्य दोबारा लिखिए।**

| | |
|---|---|
| 1. मैं राजीव से घर जा रहा हूँ। | मैं राजीव **के** घर जा रहा हूँ। |
| 2. विशाल में पत्र लिखा है। | विशाल **ने** पत्र लिखा है। |
| 3. बच्चे मैदान से खेल रहे हैं। | बच्चे मैदान **में** खेल रहे हैं। |
| 4. राजा ने गरीबों से कंबल दिए। | राजा ने गरीबों **को** कंबल दिए। |
| 5. गिलास हाथ में गिर गया। | गिलास हाथ **से** गिर गया। |

**(ङ) दिए गए कारक-चिह्नों का प्रयोग करते हुए एक-एक वाक्य बनाइए।**

1. कपड़े अलमारी में पड़े हैं।
2. वह सुबह से पढ़ रहा है।
3. सचिन की बहन डॉक्टर है।
4. माँ ने गरीबों को खाना खिलाया।
5. पुलिस ने चोर का पीछा किया।

**कुछ करने की बारी**

उचित कारक-चिह्नों का प्रयोग करके कहानी पूरी कीजिए।

एक बार जंगल **में** एक शेर **की** हिरण **से** भेंट हो गई। शेर ने पहली बार हिरण देखा था। शेर **को** देखकर हिरण डर गया, उसने हिम्मत **से** काम लिया। शेर **ने** हिरण **से** पूछा, "तुम कौन हो? कहाँ **से** आए हो?"

हिरण **ने** कहा, "मैं शिकारी हूँ। यहाँ शेर **का** शिकार करने आया हूँ। ये देखो, मेरे सींग। ये मेरी तलवारें हैं! अच्छा हुआ, तुम खुद मेरे पास आ गए।"

इतना सुनते ही शेर दुम दबाकर वहाँ **से** भाग खड़ा हुआ। यह देखकर हिरण **ने** चैन **की** साँस ली।

**पता करने की बारी**

क्या वाक्य में कारक-चिह्नों के प्रयोग से क्रिया का रूप बदलता है?

नहीं, वाक्य में कारक-चिह्नों के प्रयोग से क्रिया का रूप नहीं बदलता।

# 9. सर्वनाम

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं।
2. पुरुषवाचक सर्वनाम के तीन भेद हैं– उत्तम पुरुषवाचक, मध्यम पुरुषवाचक, अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम।
3. वे सर्वनाम जिनका प्रयोग अपने लिए किया जाता है, निजवाचक सर्वनाम होते हैं। जैसे– मैं **अपने आप** चली जाऊँगी।

**(ख) वाक्यों में दिए गए रंगीन सर्वनाम शब्दों को पहचानिए तथा उनके भेदों को चुनिए।**

| | | |
|---|---|---|
| 1. वह अपने आप चला जाएगा। | (क) निजवाचक सर्वनाम | ✓ |
| 2. जो चाहोगे, सो मिलेगा। | (ग) संबंधवाचक सर्वनाम | ✓ |
| 3. मैं उसी के साथ जाऊँगा। | (क) निश्चयवाचक सर्वनाम | ✓ |
| 4. दूध में कुछ गिर गया है। | (घ) अनिश्चयवाचक सर्वनाम | ✓ |
| 5. वह रात की बस से चला जाएगा। | (ग) अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम | ✓ |

**(ग) रंगीन शब्दों के स्थान पर उचित सर्वनाम शब्दों का प्रयोग करके वाक्य दोबारा लिखिए।**

1. रामू ने अपने मित्र को अपनी साइकिल चलाने दी।
2. राजीव ने अध्यापक से कहा कि वे उसे क्षमा कर दें।
3. बहन ने अपने भाई को राखी बाँधी।
4. नाना जी ने बच्चों से कहा कि उन्हें अब खाना चाहिए।
5. महेश ने अपने मित्रों से कहा कि वह उनसे कल मिलेगा।

**(घ) सर्वनाम संबंधी अशुद्धियाँ दूर करके वाक्यों को दोबारा लिखिए।**

1. दूध में कुछ गिर गया।
2. मुझे स्कूल जाना है।
3. मुझे अपनी किताब चाहिए।
4. दरवाज़े पर कौन खड़ा है?
5. मैं पत्र लिख रहा हूँ।

**(ङ) दिए गए वाक्यों में उचित सर्वनाम शब्द भरिए।**

1. माँ **मैं** स्कूल जा रहा हूँ। **मेरा** बस्ता कहाँ है? **मुझे** देर हो रही है। **मेरी** बस आ जाएगी।
2. मुन्नी! क्या **तुमने** गृहकार्य पूरा कर लिया है? नहीं पिता जी, अभी **मेरा** गृहकार्य पूरा नहीं हुआ है। **आप** चिंता न करें। **मैं** जल्दी ही पूरा कर लूँगी।

### कुछ करने की बारी

आपका मित्र बीमार है। वह डॉक्टर को दिखाकर आया है। इस बारे में आप दोनों के बीच हुई बातचीत को संवाद रूप में लिखिए और उनमें प्रयुक्त सर्वनाम शब्दों को रेखांकित कीजिए।

विद्यार्थी स्वयं करें।

**पता करने की बारी**

कोई पाँच लोकोक्तियाँ बताइए जिनमें सर्वनाम शब्दों का प्रयोग हुआ हो, जैसे– जो गरजते हैं, वे बरसते नहीं।

1. अपनी–अपनी डफली, अपना–अपना राग
2. आप मरे जग प्रलय
3. आ बैल मुझे मार
4. जिसकी लाठी, उसकी भैंस
5. तू डाल–डाल, मैं पात–पात।

# 10. विशेषण

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. संज्ञा या सर्वनाम शब्दों की विशेषता बताने वाले शब्दों को विशेषण कहते हैं।
2. जिनकी विशेषता बताई जाती है, उन्हें विशेष्य कहते हैं।
3. जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की संख्या बताते हैं, संख्यावाचक विशेषण होते हैं तथा जिन शब्दों से संज्ञा या सर्वनाम के माप-तौल का पता चलता है, उन्हें परिमाणवाचक विशेषण कहते हैं।
4. सर्वनाम संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाते हैं तथा सार्वनामिक विशेषण संज्ञा से पहले लगकर संज्ञा की ओर संकेत करते हैं।

**(ख) रंगीन विशेषण शब्दों के भेद दिए गए विकल्पों में से चुनिए।**

| | | |
|---|---|---|
| 1. रामू नीली कमीज़ पहनकर आया है। | (क) गुणवाचक विशेषण | ✓ |
| 2. मेरे पास पाँच सौ रुपए हैं। | (क) संख्यावाचक विशेषण | ✓ |
| 3. चार किलो चीनी ले आओ। | (ख) परिमाणवाचक विशेषण | ✓ |
| 4. उस सड़क पर मेरा घर है। | (ग) सार्वनामिक विशेषण | ✓ |
| 5. मैंने एक मोटे व्यक्ति को देखा। | (घ) संख्यावाचक विशेषण | ✓ |

**(ग) दिए गए वाक्यों में से विशेषण और विशेष्य छाँटिए।**

| | | |
|---|---|---|
| 1. मुझे काला घोड़ा अच्छा लगता है। | काला, अच्छा (विशेषण) | घोड़ा (विशेष्य) |
| 2. नीला आसमान सुंदर लग रहा है। | नीला, सुंदर (विशेषण) | आसमान (विशेष्य) |
| 3. भोजन बहुत स्वादिष्ट है। | स्वादिष्ट (विशेषण) | भोजन (विशेष्य) |
| 4. कमीज़ के लिए दो मीटर कपड़ा लाओ। | दो मीटर (विशेषण) | कमीज़ (विशेष्य) |
| 5. आसमान में असंख्य तारे हैं। | असंख्य (विशेषण) | तारे (विशेष्य) |

**(घ) उचित विशेषण शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए।**

1. करेले का स्वाद **कड़वा** होता है।
2. गाय का **ताज़ा** दूध पीना चाहिए।
3. उस **विशाल** भवन को देखो।
4. वर्ष में **बारह** महीने होते हैं।
5. गन्ने का रस **मीठा** होता है।

**(ङ) दिए गए वाक्यों में सार्वनामिक विशेषण शब्दों को रेखांकित कीजिए।**

1. वह लड़का आज नहीं आएगा।
2. इस विद्यालय में उन्होंने भी पढ़ाया था।
3. वे किताबें मेरी हैं।
4. ये लड़के कल मुझे मिले थे।
5. मैं उस बच्चे को रुलाना नहीं चाह रहा था।
6. यह बालक कहाँ जा रहा है?

**(च) निम्नलिखित वाक्यों में निश्चित तथा अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण या परिमाणवाचक विशेषण के भेद को पहचानकर उनका नाम लिखिए।**

1. अनेक – अनिश्चित संख्यावाचक
2. तीस – निश्चित संख्यावाचक
3. सभी – अनिश्चित संख्यावाचक
4. दस – निश्चित संख्यावाचक
5. थोड़ी – अनिश्चित परिमाणवाचक

**(छ) दिए गए चित्रों के बारे में उचित विशेष्य और विशेषण शब्द लिखिए।**


लंबी लड़की


सफ़ेद ताजमहल


हरा तोता


नीला कुरता


लंबा रास्ता


काला घोड़ा

### कुछ करने की बारी

इन शब्दों के लिए शब्द-जाल में से उचित विशेषण छाँटकर लिखिए।

| | विशेषण | | | विशेषण | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | मीठे | फल | (ख) | कुशल | कारीगर |
| (ग) | चचेरी | बहन | (घ) | सूखी | टहनी |
| (ङ) | गुलाबी | चुनरी | (च) | बीमार | व्यक्ति |
| (छ) | चौकोर | मेज़ | (ज) | चौथी | कक्षा |
| (झ) | मासिक | आय | (ञ) | बड़ा | बगीचा |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| गु | ला | बी | ब | ड़ा |
| मी | ठे | मा | सि | क |
| चौ | को | र | च | सू |
| थी | ल | ह | चे | खी |
| कु | श | ल | री | म |

### पता करने की बारी

एक चार्ट पेपर पर विशेषण शब्दों की सूची बनाइए।

विद्यार्थी स्वयं करें।

# 11. क्रिया

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. क्रिया का मूल रूप धातु कहलाता है।
2. जिन क्रियाओं के साथ कर्म नहीं होता, वे अकर्मक क्रिया होती हैं तथा जिन क्रियाओं के साथ कर्म लगा होता है, वे सकर्मक क्रिया कहलाती हैं।
3. अकर्मक तथा सकर्मक क्रिया की पहचान क्रिया के साथ प्रश्न करने से की जाती है। यदि उत्तर मिले तो क्रिया सकर्मक, यदि कुछ उत्तर न मिले तो क्रिया अकर्मक होती है।

**(ख) मूल धातु में शब्दांश जोड़कर क्रिया का सामान्य रूप बनाइए।**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. पढ़ | + | ना | = | पढ़ना | 2. सुन | + | ना | = | सुनना |
| 3. लिख | + | ना | = | लिखना | 4. चल | + | ना | = | चलना |
| 5. कर | + | ना | = | करना | 6. कह | + | ना | = | कहना |
| 7. जा | + | ना | = | जाना | 8. देख | + | ना | = | देखना |
| 9. खा | + | ना | = | खाना | 10. डर | + | ना | = | डरना |
| 11. बैठ | + | ना | = | बैठना | 12. तैर | + | ना | = | तैरना |
| 13. हँस | + | ना | = | हँसना | 14. उड़ | + | ना | = | उड़ना |

**(ग) दिए गए वाक्यों में क्रिया शब्दों को रेखांकित कीजिए।**

1. माता जी घूमने गईं।
2. आज स्कूल बंद है।
3. मैंने अपना गृहकार्य कर लिया है।
4. कल मेरे मामा जी आएँगे।
5. हम मसूरी घूमने जा रहे हैं।
6. आसमान में बिजली चमक रही है।
7. कल मैं पटना गया था।

**(घ) दिए गए वाक्यों में उचित क्रिया रूप चुनकर लिखिए।**

| | **अकर्मक** | **सकर्मक** |
|---|---|---|
| 1. मक्खी भिनभिना रही है। | अकर्मक | |
| 2. माला को नींद आ रही है। | | सकर्मक |
| 3. गणेश लड्डू खा रहा है। | | सकर्मक |
| 4. मालती फूल तोड़ रही है। | | सकर्मक |
| 5. काव्या दौड़ लगा रही है। | अकर्मक | |

**(ङ) उचित क्रिया शब्द से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

1. विवेक पुस्तक **पढ़ रहा** है।
2. कल विद्यालय बंद **रहेगा**।
3. कविता खाना **खा रही** है।
4. अध्यापिका पाठ **पढ़ाएँगी**।
5. राम कहानी **पढ़ता** है।

**(च) दिए गए वाक्यों में से कर्म छाँटकर लिखिए।**

1. पुस्तक 2. फूल 3. निबंध 4. गुड़िया 5. मिठाई 6. खिचड़ी

**(छ) नीचे दिए चित्रों को देखकर वाक्य लिखिए और उनमें आए क्रिया शब्दों को रेखांकित कीजिए।**



बच्चे क्रिकेट खेल रहे हैं।



बारिश हो रही है।



हिरन दौड़ रहा है।

**कुछ करने की बारी**

कविता पढ़िए और क्रिया शब्दों पर गोला लगाइए।

चित्रकार सुनसान जगह में, बना रहा था चित्र।
इतने में ही वहाँ आ गया, यमराज का मित्र।
उसे देखकर चित्रकार के, तुरंत उड़ गए होश।
नदी पहाड़, पेड़ का, रह न गया कुछ जोश।
उसको कुछ हिम्मत आई, देख उसे चुपचाप।
बोला– सुंदर चित्र बना दूँ। बैठ जाइए आप।
उकरू-मुकरू बैठा चित्रकार, सारे अंग बटोर।
बड़े ध्यान से लगा देखने, चित्रकार की ओर।

**पता करने की बारी**

सकर्मक क्रिया के भेद पता कीजिए।

सकर्मक क्रिया के दो भेद हैं– एककर्मक और द्विकर्मक।

# 12. काल

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. क्रिया के जिस रूप से उसके होने के समय का बोध होता है, उसे काल कहते हैं।
2. काल के तीन भेद हैं– (क) भूतकाल – छुट्टियाँ खत्म हो गईं। (ख) वर्तमान काल – छुट्टियाँ चल रही हैं। (ग) भविष्यत् काल – छुट्टियाँ होंगी।

**(ख) दिए गए वाक्यों में क्रिया शब्दों को रेखांकित करके उनका काल भेद लिखिए।**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विनय बाज़ार गया। | भूतकाल |
| 2. | मैं फ़िल्म देखने जा रहा हूँ। | वर्तमान काल |
| 3. | वह पुस्तक पढ़ रहा है। | वर्तमान काल |
| 4. | वह कल दिल्ली जाएगा। | भविष्यत् काल |
| 5. | वह खाना खा चुका है। | भूतकाल |

**(ग) नीचे दिए वाक्यों को वर्तमान काल और भूतकाल में बदलकर दोबारा लिखिए।**

1. कल श्याम मुंबई जाएगा।
   वर्तमान काल – श्याम मुंबई जा रहा है।
   भूतकाल – श्याम मुंबई चला गया।
2. सुप्रिया बाग में घूमेगी।
   वर्तमान काल – सुप्रिया बाग में घूम रही है।
   भूतकाल – सुप्रिया बाग में घूम रही थी।
3. बंदर पेड़ पर चढ़ेगा।
   वर्तमान काल – बंदर पेड़ पर चढ़ रहा है।
   भूतकाल – बंदर पेड़ पर चढ़ रहा था।
4. मैं दादा जी को पत्र लिखूँगा।
   वर्तमान काल – मैं दादा जी को पत्र लिख रहा हूँ।
   भूतकाल – मैंने दादा जी को पत्र लिखा।

**(घ) नीचे लिखी क्रियाओं को तीनों कालों में लिखिए।**

| | मूल क्रिया | भूतकाल | वर्तमान काल | भविष्यत् काल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | चढ़ना | चढ़ा | चढ़ता है | चढ़ेगा |
| 2. | दौड़ना | दौड़ा | दौड़ता है | दौड़ेगा |
| 3. | सोना | सोया | सोता है | सोएगा |
| 4. | बहना | बहा | बहता है | बहेगा |
| 5. | रोना | रोया | रोता है | रोएगा |
| 6. | बैठना | बैठा | बैठता है | बैठेगा |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7. हँसना | हँसा | हँसता है | हँसेगा |
| 8. देखना | देखा | देखता है | देखेगा |

**(ङ) रंगीन शब्दों में लिखी क्रियाओं के काल का उचित रूप चुनिए।**

| | | |
|---|---|---|
| 1. वह नहा रहा है। | (ख) वर्तमान काल | ✓ |
| 2. उसे स्कूल जाना होगा। | (क) भविष्यत् काल | ✓ |
| 3. मैं अपने मामा जी के घर गया था। | (ख) भूतकाल | ✓ |
| 4. वह पुस्तक खरीद रहा है। | (ख) वर्तमान काल | ✓ |
| 5. माँ कल मुंबई जाएँगी। | (ख) भविष्यत् काल | ✓ |

### कुछ करने की बारी

आपका विद्यालय आप सभी छात्रों को पिकनिक पर लेकर जा रहा है। आप वहाँ पर क्या-क्या करेंगे, इस पर भविष्यत् काल के 8-10 वाक्य लिखिए।

विद्यार्थी स्वयं करें।

### पता करने की बारी

प्रकृति सभी काम समय पर करती है। कैसे?

प्रकृति अपने सभी काम समय पर करती है। जैसे– सूरज समय पर निकलता और छिपता है। प्रत्येक मौसम अपनी ऋतुओं के अनुसार समय पर आता और जाता है।

# 13. अविकारी शब्द ( अव्यय )

## अभ्यास

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. जिन शब्दों के रूप में लिंग, वचन, पुरुष आदि के कारण कोई विकार या परिवर्तन न हो, उन्हें अविकारी शब्द कहते हैं।
2. क्रियाविशेषण के चार भेद हैं – कालवाचक, स्थानवाचक, परिमाणवाचक तथा रीतिवाचक।
3. वे शब्द जो संज्ञा या सर्वनाम के साथ प्रयोग होकर उनका संबंध वाक्य के अन्य शब्दों से बताते हैं, संबंधबोधक कहलाते हैं।
4. दो शब्दों, वाक्यांशों अथवा वाक्यों को मिलाने वाले शब्दों को समुच्चयबोधक कहते हैं।
5. वे शब्द जो हर्ष, शोक, घृणा, क्रोध, प्रशंसा आदि भावों को प्रकट करते हैं, उन्हें विस्मयादिबोधक कहते हैं। जैसे– अरे! तुम कब आए?

**( ख ) वाक्यों में दिए गए रंगीन क्रियाविशेषण शब्दों के उचित भेद को चुनिए।**

| | | |
|---|---|---|
| 1. वह **हमेशा** पढ़ता रहता है। | (घ) कालवाचक क्रियाविशेषण | ✓ |
| 2. **अंदर** आ जाओ। | (ग) स्थानवाचक क्रियाविशेषण | ✓ |
| 3. **ध्यानपूर्वक** काम करो। | (क) रीतिवाचक क्रियाविशेषण | ✓ |
| 4. आज **थोड़ा** ही खा लो। | (ख) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण | ✓ |

**( ग ) उचित क्रियाविशेषण शब्द से रिक्त स्थान भरिए।**

1. दादा जी **अभी** आए हैं।
2. कक्षा में **ध्यानपूर्वक** पढ़ो।
3. वह **हमेशा** चिल्लाता रहता है।
4. पानी **चारों ओर** बिखरा हुआ है।

**( घ ) दिए गए वाक्यों में बताइए कि रंगीन शब्द विशेषण हैं या क्रियाविशेषण।**

| | |
|---|---|
| 1. रवि बहुत कम बोलता है। | क्रियाविशेषण |
| माया कम चीनी पसंद करती है। | विशेषण |
| 2. दरवाज़ा थोड़ा खोल दो। | क्रियाविशेषण |
| मुझे थोड़ा दूध दे दो। | विशेषण |
| 3. वह बहुत सुंदर नाचता है। | क्रियाविशेषण |
| वंशिका बहुत सुंदर है। | विशेषण |
| 4. आम मीठा फल है। | विशेषण |
| वह बहुत मीठा बोलता है। | क्रियाविशेषण |

**( ङ ) उचित संबंधबोधक शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

1. वह दरवाज़े **के सामने** खड़ा है।
2. वह घर **के अंदर** गया।
3. सड़क **की तरफ़** पेड़ लगे हैं।
4. मकान **के पीछे** गली है।
5. मैं नहाने **के बाद** खाना खाऊँगा।

**(च) उचित समुच्चयबोधक शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

1. सीता **और** गीता दोनों बहनें हैं।
2. मेरा भाई आएगा **लेकिन** मैं नहीं आऊँगा।
3. राम **या** रहीम में से किसी एक को बुलाओ।
4. तुम पढ़ो **अथवा** सो जाओ।
5. मैं स्कूल न जा सका **क्योंकि** वर्षा हो रही थी।

**(छ) उचित विस्मयादिबोधक शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

1. **वाह!** कितना खूबसूरत घर है।
2. **हाय!** मुझे चोट लग गई।
3. **छिः!** कैसी बदबू है यहाँ।
4. **बाप रे!** वह देखो कितना बड़ा भालू।
5. **हे राम!** यह क्या हो गया।

**(ज) निम्नलिखित निपात शब्दों से वाक्य बनाइए।**

1. तुम कल **ही** आना।
2. मुझे **भी** पटना जाना था।
3. वह मिलने **तक** नहीं आया।
4. उसे **तो** जाना है।
5. मुझे **मात्र** दस रुपए चाहिए।

**कुछ करने की बारी**

बड़ी मछली के पेट में क्रियाविशेषण, समुच्चयबोधक, संबंधबोधक एवं विस्मयादिबोधक शब्द मिल गए हैं। उन्हें उनके नाम की छोटी मछली में छाँटकर रखिए।




**क्रियाविशेषण**




**समुच्चयबोधक**




**संबंधबोधक**




**विस्मयादिबोधक**




**पता करने की बारी**

विशेषण और क्रियाविशेषण में अंतर स्पष्ट कीजिए।

विशेषण शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताते हैं जबकि क्रियाविशेषण क्रिया की विशेषता बताते हैं।

# 14. वाक्य-विचार

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. मन के भावों एवं विचारों को व्यक्त करने वाली इकाई वाक्य कहलाती है।
2. वाक्य के दो अंग होते हैं– 1. उद्देश्य  2. विधेय

   बच्चे क्रिकेट खेल रहे हैं।

   उद्देश्य – बच्चे

   विधेय – क्रिकेट खेल रहे हैं।

**(ख) निम्नलिखित वाक्यों में से उद्देश्य छाँटकर लिखिए।**

| | |
|---|---|
| 1. टीना बस से जाएगी। | टीना |
| 2. वह लाल कुरता पहन लो। | वह लाल कुरता |
| 3. अध्यापिका बच्चों को पढ़ा रही हैं। | अध्यापिका |
| 4. राहुल पतंग उड़ा रहा है। | राहुल |
| 5. यह इमारत बहुत पुरानी है। | यह इमारत |
| 6. आपका बच्चा बाहर खेल रहा है। | आपका बच्चा |
| 7. माता जी खाना बना रही हैं। | माता जी |
| 8. सचिन की माँ मंदिर गई हैं। | सचिन की माँ |

**(ग) निम्नलिखित वाक्यों में से विधेय छाँटकर लिखिए।**

| | |
|---|---|
| 1. शालू की गुड़िया खो गई है। | खो गई है |
| 2. सेना बहुत वीरता से लड़ी। | बहुत वीरता से लड़ी |
| 3. लड़का गुब्बारा लेकर आया। | गुब्बारा लेकर आया |
| 4. वे संतरे देख कर खुश हो गए। | संतरे देख कर खुश हो गए |
| 5. कुछ औरतें बाजार जा रही हैं। | बाजार जा रही हैं |
| 6. मीरा के भाई ने घड़ी खरीदी। | ने घड़ी खरीदी |
| 7. रोहन ने नल बंद कर दिया। | ने नल बंद कर दिया |
| 8. आपका भाई बाहर खड़ा है। | बाहर खड़ा है |

**(घ) दिए गए वाक्यों में उद्देश्य और विधेय अलग-अलग कीजिए।**

| | **उद्देश्य** | **विधेय** |
|---|---|---|
| 1. कपास से सूत तैयार किया जाता है। | कपास | से सूत तैयार किया जाता है |
| 2. गांधी जी चरखा चलाते थे। | गांधी जी | चरखा चलाते थे |
| 3. बड़े भाई साहब आए हैं। | बड़े भाई साहब | आए हैं |
| 4. नटखट बंदर पेड़ पर चढ़ गया। | नटखट बंदर | पेड़ पर चढ़ गया |
| 5. सर्कस में जोकर हँस रहा था। | सर्कस में जोकर | हँस रहा था |

| | | |
|---|---|---|
| 6. कुछ शरारती लड़के तोड़-फोड़ कर रहे थे। | कुछ शरारती लड़के | तोड़-फोड़ कर रहे थे |
| 7. एक ज्ञानी बाबा गाँव में आए हैं। | एक ज्ञानी बाबा | गाँव में आए हैं |

**कुछ करने की बारी**

नीचे दिए गए चित्र का पाँच-छह वाक्यों में वर्णन कीजिए।

1. यह बरसात का दृश्य है।
2. बच्चे बरसात के मज़े ले रहे हैं।
3. लड़का और लड़की पानी में कागज़ की नाव चला रहे हैं।
4. एक लड़का छाता लेकर जा रहा है।
5. औरत हाथ में पकौड़े की प्लेट लिए खिड़की में खड़ी है।

**पता करने की बारी**

अध्यापक/अध्यापिका से पता कीजिए कि शब्द वाक्य में प्रयुक्त होने पर क्या कहलाते हैं?

शब्द वाक्य में प्रयुक्त होने पर पद कहलाते हैं।

# 15. सामान्य अशुद्धियाँ

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. सही अर्थ प्रकट करने वाले वाक्य शुद्ध वाक्य कहलाते हैं।
2. भाषा की दृष्टि से शुद्ध वर्तनी और शुद्ध शब्द उच्चारण के ज्ञान के अभाव में वर्तनी की अशुद्धियाँ होती हैं।

**(ख) दिए गए अशुद्ध शब्दों को शुद्ध कीजिए।**

| | अशुद्ध | शुद्ध | | अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हाती | होती | 2. | मारग | मार्ग |
| 3. | प्रसनता | प्रसन्नता | 4. | कठीनाई | कठिनाई |
| 5. | दुखि | दुखी | 6. | विज्ञानिक | वैज्ञानिक |
| 7. | ओषधि | औषधि | 8. | द्रश्य | दृश्य |

**(ग) शब्दों की सही वर्तनी पर गोला लगाइए।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रतीदिन | प्रतिदीन | (प्रतिदिन) | परतिदिन |
| 2. | आदर्ष | (आदर्श) | आर्दश | अदर्श |
| 3. | (सिपाही) | सीपाही | सिपाहि | सपाही |
| 4. | सून्दर | (सुंदर) | सूंदर | सूदंर |
| 5. | आर्शीवाद | आर्शिवाद | अशीर्वाद | (आशीर्वाद) |
| 6. | (इसलिए) | इसिलिए | इसलीए | इसीलिए |

**(घ) दिए गए अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके दोबारा लिखिए।**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | तुम मेरे साथ चलेगा। | तुम मेरे साथ चलो। |
| 2. | हम हमारी गलती स्वीकार करते हैं। | हम अपनी गलती स्वीकार करते हैं। |
| 3. | माँ ने ऐसा नहीं बोलेगी। | माँ ऐसा नहीं बोलेंगी। |
| 4. | पुलिस आ गया। | पुलिस आ गई। |
| 5. | पिता जी हमको यात्रा पर ले गया। | पिता जी हमें यात्रा पर ले गए। |
| 6. | हमें सभा बुलाना होगा। | हमें सभा बुलानी होगी। |

**कुछ करने की बारी**

दी गई कहानी में वर्तनी की अशुद्धियाँ दूर करके कहानी दोबारा लिखिए।

दीपू नाम का एक लड़का था। स्कूल जाते समय रास्ते में उसे रेल की पटरियों को पार करना पड़ता था।

एक दिन दीपू ने देखा कि रेल की पटरी एक जगह से उखड़ी हुई है। दीपू ने सोचा कि इससे तो बड़ी दुघर्टना हो सकती है।

उसी समय रेलगाड़ी दूर से आ रही थी। दीपू ने उसे देखा। संयोग से उस दिन दीपू ने लाल कमीज़ पहनी हुई थी। उसने फ़ौरन अपनी कमीज़ उतारी। उसे वह लाल झंडी की तरह हिलाने लगा। ड्राइवर ने लाल झंडी देखकर रेलगाड़ी रोक दी।

**पता करने की बारी**

एक चार्ट पेपर पर कोई सात अच्छी आदतें लिखकर कक्षा में लगाइए।

विद्यार्थी स्वयं करें।

# 16. विराम-चिह्न

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. भाषा में वाक्यों के अर्थ को सटीक समझने के लिए विराम-चिह्नों की आवश्यकता पड़ी।
2. पूर्ण विराम, अल्पविराम, प्रश्नवाचक चिह्न, विस्मयादिबोधक चिह्न आदि।

**(ख) दिए गए वाक्यों में उचित स्थान पर विराम-चिह्न लगाइए।**

1. तुम यहाँ किसका इंतज़ार कर रही हो?
2. अरे! तुम यहाँ क्यों आए?
3. मुझे बहुत नींद आ रही है।
4. माँ बाज़ार से केले, आम और अनार लेकर आईं।
5. ऊपर-नीचे क्यों भागदौड़ कर रहे हो?

**(ग) दिए गए विराम-चिह्नों का प्रयोग करते हुए एक-एक वाक्य बनाइए।**

1. अरे! तुम कब आए?
2. उसे क्यों पकड़ा है?
3. मेरे बैग में पेन, पेंसिल, कॉपी और पुस्तकें हैं।
4. मैं सुबह जल्दी उठता हूँ।
5. वह धीरे-धीरे नीचे उतरा।

**(घ) विराम-चिह्नों की अशुद्धियाँ दूर करके वाक्यों को दोबारा लिखिए।**

1. तुम्हारे मामा जी कब आ रहे हैं?
2. मैं कल विदेश जा रहा हूँ।
3. छिः! इतनी गंदगी कहाँ से आई?
4. गिलहरी ऊपर-नीचे दौड़ रही है।
5. अध्यापिका ने कहा, "कल ज़रूर आना।"

**(ङ) दी गई पंक्तियों में उचित जगहों पर विराम-चिह्न लगाइए।**

जीवन में कभी-कभी असफलता का सामना भी करना पड़ता है, परंतु कभी भी निराश होकर नहीं बैठना चाहिए। सच है न, अपनी गलती से सबक सीखो तथा फिर से जुट जाओ। क्या कभी ऐसा हुआ है कि तुम्हें परिश्रम का फल न मिला हो? ऐसा हो सकता है कि तुमने ज़्यादा मेहनत की हो मगर सफलता उतनी नहीं मिली या देर से मिली इत्यादि। क्या तुम हारकर बैठ जाओगे? नहीं, फिर से साहस जुटाओ और अपनी असफलता को सफलता में बदल दो। जीत तो तुम्हारी तय है।

### कुछ करने की बारी

विराम-चिह्नों का प्रयोग करते हुए कोई कहानी लिखिए।

विद्यार्थी स्वयं करें।

### पता करने की बारी

अध्यापक/अध्यापिका से पता कीजिए कि संवाद लिखते समय किन-किन विराम-चिह्नों का प्रयोग होता है?

विद्यार्थी स्वयं करें।

# 17. मुहावरे और लोकोक्तियाँ

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. विशेष अर्थ प्रकट करने वाले शब्द-समूह मुहावरा कहलाते हैं।
2. लोकोक्ति का अर्थ है, लोक में प्रसिद्ध बात या कहावत।

**(ख) दिए गए मुहावरों और लोकोक्तियों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए।**

1. कठिन परिश्रम करना – परीक्षा पास करने के लिए सुरेश ने एड़ी-चोटी का ज़ोर लगा दिया।
2. शर्मिंदा होना – मोहन की चोरी पकड़ी गई तो वह सबके सामने पानी-पानी हो गया।
3. बिना प्रयत्न के ही मनचाही वस्तु मिलना – देवेश को अपने पिता की जगह पर नौकरी मिल गई। भई! अंधा क्या चाहे, दो आँखें।
4. आश्चर्य करना – ताजमहल की सुंदरता देखकर पर्यटक दाँतों तले उँगली दबा लेते हैं।
5. आपसी फूट से नुकसान होता है – रावण और विभीषण की आपसी फूट का लाभ श्रीराम को हुआ इसीलिए तो कहते हैं, घर का भेदी लंका ढाए।

**(ग) निम्नलिखित के सही अर्थ वाले विकल्प चुनिए।**

| | | |
|---|---|---|
| 1. पानी-पानी होना | (ख) अत्यंत लज्जित होना | ✓ |
| 2. दूर के ढोल सुहावने | (ख) दूर से प्रत्येक वस्तु अच्छी लगती है। | ✓ |
| 3. घोड़े बेचकर सोना | (ख) गहरी नींद सोना | ✓ |
| 4. थोथा चना बाजे घना | (घ) अयोग्य व्यक्ति हमेशा बढ़-चढ़ कर बोलता है। | ✓ |
| 5. दाल में काला होना | (ख) गड़बड़ होना | ✓ |

**(घ) सही मुहावरा चुनकर वाक्य पूरा कीजिए।**

1. रवि ने ________ बच्चे को बचा लिया। (क) जान पर खेलना
2. देश की रक्षा के लिए हमें ________ चाहिए। (घ) कंधे से कंधा मिलाकर चलना
3. अपने भाई को आता देखकर बहन ने उसके स्वागत में ________ दीं। (ख) आँखें बिछाना
4. युद्ध में भारत के सैनिकों ने पाकिस्तान के सैनिकों को ________ दिए। (ग) नाकों चने चबाना
5. अरुण बहुत कम दिखाई देता है, वह ________ हो गया है। (क) ईद का चाँद होना

**कुछ करने की बारी**

नीचे कुछ मुहावरे-लोकोक्तियों को तोड़कर डाल दिया गया है। सही शब्दों को मिलाकर मुहावरे-लोकोक्तियाँ खाली स्थान में लिखिए।

पीठ एक ही अंधों में टस सहज माथा पके मगर ठोंकना अगर नाक
मस न आना से याद कूदना सो मीठा होना पकड़ना काना होय
नानी थैली के फुलाना होना चट्टे-बट्टे पेट में राजा चूहे

पीठ ठोंकना, नानी याद आना, अंधों में काना राजा, पेट में चूहे कूदना, सहज पके सो मीठा होय, अगर-मगर करना, माथा पकड़ना, नाक फुलाना, टस से मस न होना, एक ही थैली के चट्टे-बट्टे होना

**पता करने की बारी**

कुछ ऐसे मुहावरे या लोकोक्तियाँ बताइए जिनमें खाने की चीज़ों के नाम आते हैं। जैसे– टेढ़ी खीर।

दाल में काला होना, नमक-मिर्च लगाना, थोथा चना बाजे घना, एक अनार सौ बीमार, आम के आम गुठलियों के दाम, अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता, घी के दीये जलाना, गेहूँ के साथ घुन भी पिसता है आदि।

# 25. अपठित बोध

## अभ्यास

**निम्नलिखित अंशों को पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

1. महाराज युधिष्ठिर अश्वमेध यज्ञ पूरा कर दान-पुण्य के गर्व में चूर बैठे थे। अचानक कहीं से एक नेवला आकर यज्ञ की राख में लोट-पोट करने लगा। युधिष्ठिर उसे देखकर हैरान रह गए क्योंकि उसका आधा शरीर सोने का था। राख में लोटने के बाद नेवला युधिष्ठिर से बोला, "राजन्! तुम्हारा दान-पुण्य तो एक ब्राह्मण के घर के सत्तू के बराबर भी नहीं। यह देखो, मेरा आधा शरीर उसके बचे कणों में लोटने से सोने का हो गया।"

   युधिष्ठिर को हैरान देखकर नेवला बोला, "भूख से व्याकुल व्रतधारी ब्राह्मण अपने परिवार के साथ सत्तू खाने बैठा था कि एक भूखा अतिथि आ गया। उन सभी ने अपना हिस्सा अतिथि को सौंप दिया। बचे-खुचे सत्तू में लोटने से मेरा आधा शरीर सोने का हो गया। क्या तुम्हारा दान इससे अधिक फल देता है?"

   युधिष्ठिर निरुत्तर रह गए।

   (क) युधिष्ठिर ने एक नेवला देखा।

   (ख) नेवला यज्ञ की राख में लोट-पोट कर रहा था जिसे देखकर युधिष्ठिर हैरान रह गए।

   (ग) नेवले ने युधिष्ठिर से कहा कि राजन् तुम्हारा दान-पुण्य तो एक ब्राह्मण के घर के सत्तू के बराबर भी नहीं। मेरा आधा शरीर उसके बचे कणों में लोटने से सोने का हो गया।

   (घ) भूखे अतिथि को देखकर ब्राह्मण ने अपना सारा सत्तू उसे सौंप दिया।

   (ङ) बचे-खुचे सत्तू में लोटने से नेवले का आधा शरीर सोने का हो गया।

2. गाँव में महात्मा बुद्ध के आगमन पर परमा नाम का किसान भी उनकी सभा में पहुँचा और उनके उपदेशों से प्रभावित हो उन्हें अगले दिन अपने घर पर पधारने का न्योता दे आया। दुर्योग से अगली सुबह उसका बैल कहीं भाग गया। परमा दुविधा में पड़ गया कि वह बैल को ढूँढ़े या बुद्ध का स्वागत करे? अंततः अपनी अंतरात्मा की आवाज़ पर वह बैल की तलाश में निकल गया। काफ़ी ढूँढ़ने पर उसे उसका बैल मिला। इस क्रम में रात हो गई थी। अगले दिन वह बुद्ध के पास पहुँचकर क्षमा माँगने लगा, तब बुद्ध वहाँ उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए बोले, "परमा मेरा सच्चा अनुयायी है, जिसने कोरा धर्म निभाने के बजाय कर्म को प्रधानता दी, अन्यथा मेरा सत्कार करते हुए भी इसका मन अपने बैल में ही रमा रहता।"

   (क) परमा नाम का किसान महात्मा बुद्ध के उपदेशों से प्रभावित हो गया।

   (ख) अगली सुबह उसका बैल भाग गया।

   (ग) अपनी अंतरात्मा की आवाज़ सुनकर परमा अपने बैल की तलाश में निकल गया।

   (घ) अगले दिन परमा ने बुद्ध के पास पहुँचकर उनसे क्षमा माँगी।

   (ङ) महात्मा बुद्ध ने उपस्थित लोगों से कहा कि परमा उनका सच्चा अनुयायी है, जिसने कोरा धर्म निभाने की बजाय कर्म को प्रधानता दी।

3. "यूनानी दार्शनिक ज़ीनो का मानना था कि दुनिया में जो कुछ भी होता है, उसमें कहीं न कहीं ईश्वर की प्रेरणा अवश्य होती है। एक बार उनके पुराने वफ़ादार नौकर ने लालच में कई कीमती चीज़ों पर हाथ साफ़ कर दिया। ज़ीनो को पता चला तो उन्होंने आव देखा न ताव, नौकर की पिटाई शुरू कर दी। मार पड़ते ही नौकर चिल्लाया, "मालिक, आप ही तो कहते हैं कि हर कार्य में ईश्वर की प्रेरणा छिपी होती है। मेरी चोरी भी शायद उसी से प्रेरित थी, इसलिए मुझे छोड़ दीजिए।"

   यह सुनकर ज़ीनो बोले, "तुझे चोरी की प्रेरणा देने वाला ईश्वर ही मुझे प्रेरित कर रहा है कि चोर को सज़ा दिए बिना छोड़ना समाज के लिए घातक है।"

नौकर उनके कदमों में गिर पड़ा और फिर चोरी न करने की कसम खाई।

| | | |
|---|---|---|
| 1. ज़ीनो कहाँ का दार्शनिक था? | (क) यूनान का | ✓ |
| 2. वफ़ादार नौकर ने क्या किया? | (घ) कीमती चीज़ों पर हाथ साफ़ कर दिया। | ✓ |
| 3. चोर ने क्या कहकर क्षमा माँगी? | (घ) उसकी चोरी ईश्वर द्वारा प्रेरित थी। | ✓ |
| 4. ज़ीनो ने चोर को क्या जवाब दिया? | (ख) ईश्वर मुझे सज़ा देने को कह रहा है। | ✓ |
| 5. नौकर ने क्या किया? | (क) ज़ीनो के पैरों में गिर गया। | ✓ |

4. ईश्वरचंद्र विद्यासागर को एक व्यक्ति मिला। वह रो रहा था। विद्यासागर जी ने पूछा, "क्यों रो रहे हो?" "मेरे पूर्वजों का घर आज नीलाम हो जाएगा। मुझपर 2300 रुपए की अदालती देनदारी है।" उस व्यक्ति ने बताया।

विद्यासागर जी ने उसका नाम-पता पूछा और कचहरी जाकर चुपचाप रुपए जमा करवा दिए। जब नियत समय के बाद भी अदालती कार्यवाही नहीं हुई तो वह व्यक्ति कचहरी जा पहुँचा। पता चला कि किसी ने रुपए जमा करा दिए हैं। उसका माथा ठनका, 'हो न हो, ये रुपए उस व्यक्ति ने जमा करवाए होंगे, जो उसे रास्ते में मिले थे।' उसने विद्यासागर जी को ढूँढ़ लिया।

विद्यासागर जी ने कहा, "यदि तुम समझते हो कि मैंने तुम पर उपकार किया है तो इतना-सा उपकार मेरे ऊपर करो कि इस बात की चर्चा किसी से मत करना।"

| | | |
|---|---|---|
| 1. व्यक्ति क्या कर रहा था? | (ग) वह रो रहा था। | ✓ |
| 2. विद्यासागर जी ने क्या किया? | (क) रुपए जमा करवा दिए। | ✓ |
| 3. व्यक्ति कचहरी क्यों जा पहुँचा? | (घ) अदालती कार्यवाही न होने पर। | ✓ |
| 4. व्यक्ति का माथा क्यों ठनका? | (ख) अपने लिए ज़मानत हुई देखकर | ✓ |
| 5. विद्यासागर जी ने उस व्यक्ति से क्या कहा? | (क) ज़मानत होने की चर्चा किसी से न करना। | ✓ |

## निमंत्रण

किसी उत्सव या समारोह में शामिल होने के लिए आदरपूर्वक आग्रह करना या न्योता देना निमंत्रण कहलाता है। निमंत्रण पत्र विवाह समारोह, उद्घाटन समारोह, राजनैतिक या सांस्कृतिक समारोह आदि अवसरों पर लिखे जाते हैं।

- शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को निमंत्रण के बारे में बताएँ।
- उन्हें निमंत्रण की परिभाषा समझाएँ।
- निमंत्रण लिखते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, इससे अवगत करवाएँ।
- बच्चों को निमंत्रण कितने प्रकार के होते हैं, इसके बारे में बताएँ।
- पाठ पृष्ठ 181-182 पर निमंत्रण के दिए गए उदाहरण पढ़वाएँ।
- श्यामपट्ट पर निमंत्रण के कुछ अन्य उदाहरण लिखकर समझाएँ।
- बच्चों को कुछ निमंत्रण अपने आप लिखने के लिए प्रेरित करें।
- दिया गया अभ्यास करने में बच्चों की यथासंभव सहायता करें।